भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
केन्द्रीय जल आयोग

**सौमित्र कुमार हालदार**
अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग

सेवा भवन, आर.के. पुरम,
नई दिल्ली
दिनांकः 13 सितम्बर, 2021

# <u>अपील</u>

प्रिय साथियों,

हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

देश की एकता में हिन्दी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए 14 सितम्बर, 1949 को संविधान सभा ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया था कि स्वतंत्र भारत की राजभाषा देवनागरी में लिखी हिन्दी होगी। इस महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय की पावन स्मृति में हम प्रति वर्ष 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाते हैं।

हिन्दी देश की सर्वाधिक लोकप्रिय एवं सर्वव्यापक भाषा है। सरकारी कामकाज मे हिन्दी का प्रयोग पहले की तुलना मे काफी बढ़ गया हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तमान दौर मे हिन्दी को अधिकाधिक व्यापक एवं प्रचलित बनाने के लिए इसे तकनीक से भी जोड़ दिया गया है।

आज हिंदी ने तकनीकी के सभी मानदंडों पर पूर्ण समर्थ और सशक्त भाषा के रूप में अपना स्थान बना लिया है। कोविड-19 विश्व महामारी के समय में अधिकांश कार्य कम्प्यूटर-इंटरनेट के माध्यम से निष्पादित करने में हिंदी अत्यंत उपयोगी भाषा सिद्ध हुई है। पिछले कुछ वर्षों में केन्द्रीय जल आयोग और इसके अधीनस्थ कार्यालयों में हिंदी के प्रचलन एवं प्रयोग में निरंतर वृद्धि हुई है परंतु हमें निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अधिक उत्साह एवं लगन से अपना अधिकाधिक सरकारी कार्य हिंदी में करना होगा। चूंकि केन्द्रीय जल आयोग में ई-ऑफिस पर कार्य हो रहा है अत: सभी से अनुरोध है कि ई-ऑफिस में तथा ई-मेल आदि भेजने में हिंदी का अधिकतम प्रयोग किया जाए। हम सरकारी कार्यों में कठिन शब्दों के प्रयोग से बचें और सरल तथा आम बोलचाल के शब्दों का प्रयोग करें ताकि जन साधारण भी इसे अच्छी तरह समझ सके एवं अपना सके।

राजभाषा का प्रचार-प्रसार करना हमारा एक संवैधानिक दायित्व है। मैं, इस अवसर पर केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) तथा इसके सभी क्षेत्रीय/अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करता हूँ कि वे अपना अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करके केन्द्रीय जल आयोग को गौरवान्वित करें। सभी के सामूहिक प्रयास से ही इसमें सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में भी अधिक से अधिक संख्या में भाग लें साथ ही, हमारा प्रत्येक दिवस हिंदी दिवस हो, ऐसी भावना से हम हिंदी को अपने दैनिक सरकारी कार्यों में अपनाएं।

आइए, इस पावन अवसर पर शपथ लें कि हम अपना सरकारी कार्य हिन्दी में ही करेंगे और राजभाषा के प्रचार-प्रसार में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

(सौमित्र कुमार हालदार)
एस. के. हालदार/S. K. HALDAR
अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग
Chairman, Central Water Commission
जल संसाधन, नदी विकास एवं संरक्षण विभाग
Deptt. of Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation
जल शक्ति मंत्रालय/Ministry of Jal Shakti
भारत सरकार/Government of India
सेवा भवन, नई दिल्ली/Sewa Bhawan, New Delhi-66